# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.07.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मूल के नागरिकों के लिए ओ.सी.आई. कार्ड देने की घोषणा की।
- सांसद बिष्णु पद रे ने ग्रेट निकोबार क्षेत्रों में बंदरों के आतंक पर प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की ओर से "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न" विषय पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भगवान जगन्नाथ की वापसी के साथ कल रथ यात्रा की समाप्ति होगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबेगो की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान कहा कि भारत में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस ने डिजिटल भुगतान में क्रांतिकारी बदलाव किया है। श्री मोदी ने यूपीआई भुगतान प्रणाली अपनाने के लिए इस कैरेबियाई देश को बधाई दी। भारतीय समुदाय को अपनी पैतृक भूमि का दौरा करने और अपने सम्बन्धों को गहरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही प्रधान मंत्री ने भारतीय समुदाय के लिए ओवरसीज इंडिया कार्ड देने की भी घोषणा की। इस घोषणा को सुनते ही भारतीय समुदाय ने अपनी खुशी जाहिर की। प्रधानमंत्री ने अपने दौरे के अवसर पर पोर्ट ऑफ स्पेन में एक जीवंत भोजपुरी चौताल प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच के गहरे संबंधों पर खुशी व्यक्त की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो में 'भारत को जानिए' क्विज के विजेता युवाओं शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विन्स महतो से मुलाकात की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने सम्मान में आयोजित रात्रिभोज के दौरान प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने सरयू नदी और प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पवित्र जल भी दिया। रात्रि भोज में राणा मोहिप से मुलाकात की, जिन्होंने कुछ वर्ष पहले महात्मा गांधी की एक सौ पचासवीं जयंती के अवसर पर 'वैष्णव जन तो' गाया था। उनका भारतीय संगीत और संस्कृति के प्रति उनका जुनून सराहनीय है।

<><><><><><><>

सडक परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि देश में अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र–ब्लैक स्पॉट की पहचान और विश्लेषण की तत्काल आवश्यकता है ताकि दुर्घटना के कारणों को समझा जा सके और इनसे निपटने के लिए उपाय लागू किये जा सकें। नई दिल्ली में सडक सुरक्षा और नवाचार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टम्टा ने सभी हितधारकों और शिक्षाविदों को लोगों के लिए सडक को ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सडक सुरक्षा के लिए ठोस, साक्ष्य आधारित और कार्यान्वयन योग्य सिफारिश करना है। श्री टम्टा ने कहा कि देश का स्पष्ट उद्देश्य वर्ष दो हजार तीस तक सडक दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। श्री टम्टा ने कहा कि सरकार निरंतर तकनीकी प्रगति के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को विश्व स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने ग्रेट निकोबार और जनजातीय क्षेत्रों में बंदरों के आतंक पर चिंता जताई है। इस मामले में केंद्र और अंडमान निकोबार प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। सांसद रे ने कहा इससे कृषि को भारी नुकसान हो रहा है और जनजातीय समुदायों और पूर्व सैनिकों सहित निवासियों के बीच संकट पैदा हो रहा है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल को श्री रे ने ग्रेट निकोबार के निवासियों और किसानों से प्राप्त एक पत्र भेजा है। इस पत्र को गृहमंत्री और वन एवं पर्यावरण मंत्री को भी भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि पिछले कुछ वर्षों में बंदरों की आबादी अनियंत्रित रूप से बढ़ी है, जिसके कारण नारियल के पेड़ों, फलदार पेड़ों और अन्य फसलें बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। आर्थिक नुकसान के साथ–साथ बंदरों ने नागरिकों की सुरक्षा को भी प्रभावित किया है। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए और स्कूल जाने वाले बच्चे भी डर में ही घर से बाहर निकलते हैं। जनता और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों द्वारा वन विभाग और प्रशासन से बार–बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई कारगर उपाय नहीं किए गए हैं। जिला योजना समिति की बैठकों में दिए गए आश्वासनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

<><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की ओर से आज जिला न्यायालय परिसर में "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न" विषय पर एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार, अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश नेयाज आलम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्राट रॉय, और संयुक्त सिविल न्यायाधीश पबित्र सेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार बार एसोसिएशन के सचिव राकेश पाल गोबिंद, विशेष लोक अभियोजक, पॉक्सो तस्नीम आबिद और अधिवक्ता अलीमा बीबी भी उपस्थित थीं। सत्र के दौरान जिला न्यायाधीश ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करते हुए महिला कर्मचारियों के अधिकारों, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और कानून के तहत स्थापित निवारण तंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कर्मचारियों में जागरूक करने के अलावा उन्हें उत्पीड़न की किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए सशक्त बनाना था।

<><><><><><><>

अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण निदेशालय ने ब्रह्माकुमारीज के साथ गुप्तापाड़ा पंचायत के बसंती पूजा हॉल में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन तकनीकों पर आवश्यक ज्ञान प्रदान करना था। ब्रह्माकुमारीज की बहन शर्मिष्ठा ने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई का ख्याल रखना शामिल है। बहन शर्मिष्ठा द्वारा योग और ध्यान पर एक सत्र भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का समन्वयन पर्यवेक्षक मोनालिसा बिश्वास द्वारा किया गया।

<><><><><><><>

उत्कल समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा –दो हजार पच्चीस (कार महोत्सव) कल विधि विधान के साथ सम्पन्न हो जाएगी। इस यात्रा की वापसी दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक शादीपुर से शुरू होकर राजस्थान मंदिर, तक टाटा मोटर शो रूम, मेट चौक, जॉगर्स पार्क, चिन्मय मिशन, रवींद्र बांग्ला विद्यालय से होते हुए डेरी फार्म जंक्शन, जंगलीघाट, गोल घर चौक, मिडिल प्वाइंट, बंगाली क्लब, लाइट हाउस चौक, अबरडीन क्लॉक टॉवर, अन्नपूर्णा कैफेटेरिया और गांधी पार्क गेट तक जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की बैंक प्रबंध समिति की बैठक में समिति का पुनर्गठन तीस जून को आयोजित एक बैठक में किया गया। पुनर्गठित समिति में पी.जी. पॉल चेयरमैन बनाए गए हैं जबकि वाइस चेयरमैन नंद किशोर सिंह होंगे। इनके अलावा आठ डायरेक्टर्स भी हैं।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई से बढ़ाकर 12 जुलाई कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उम्मीदवारों के लिए यह अंतिम मौका है।

<><><><><><><>

सिप्पीघाट साइट के अंतर्गत टीचर्स कॉलोनी जंक्शन, जोड़ा किलान के पास क्षतिग्रस्त पोल बदलने के कारण पाँच जुलाई को सुबह सात बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। टेलराबाद, विम्बलीटान, नया शहर, मंगलुटान, मंजेरी, गुप्तापाड़ा, वंडूर, सिप्पीघाट से डंडस प्वाइंट और ओग्राब्राज जंक्शन से तिरुर तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी सब–जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स एआईएफएफ नेशनल फुटबॉल चैम्पियनशिप दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए तेरह जुलाई को सुबह नौ बजे से जे एन आर एम फुटबॉल स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन करेगा। एक जनवरी दो हजार बारह से इकत्तीस दिसम्बर दो हजार तेरह के बीच पैदा हुए खिलाड़ी चयन ट्रायल के साथ–साथ एआईएफएफ एन एफ सी दो हजार पच्चीस–छब्बीस में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। इसलिए सभी जिलों, विभागों, क्लबों, और ग्रामीणों से अनुरोध है कि वे अपने खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर चयन ट्रायल के लिए भेजें।

<><><><><><><>